

नवभारत 10
सतना, रविवार, 19 अक्टूबर, 2025

# धनतेरस पर बाजार में खरीदी करने लोगों में दिखा उत्साह

## बर्तन, ज्वेलरी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं ऑटोमोबाइल की खरीदी करने के लिए देर शाम तक बनी हुई थी भीड़





**नवभारत न्यूज**

**सीधी 18 अक्टूबर। बाजार में आज धनतेरस पर खरीदी करने के लिये लोगों की भीड़ सुबह से ही उमड़ पड़ी। खरीदी का दौर देर शाम तक चलने से व्यापारियों के चेहरे में रौनक नजर आई। धनतेरस पर बाजार में करोड़ों की धन वर्षा हुई और व्यापारी खूब उत्साहित नजर आये।**

धनतेरस पर सर्राफा, बर्तन, इलेक्ट्रानिक, इलेक्ट्रिकल, आटो मोबाइल, प्रापर्टी समेत अन्य व्यवसाय में सरगर्मी रही, जहां देर शाम तक खरीददार पहुंचे। धनतेरस पर बाजार में धन की बारिश हुई और पूरे नगर का करोबार 15 करोड़ से ऊपर होने का अनुमान है। देखा गया कि शहर के बड़े व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में जहां भीड़ ने व्यवसायियों को दिन भर व्यस्त रखा, वहीं सड़क के किनारे व गली मोहल्लों की दुकानों में भी अच्छी-खासी कमाई हुई। इस मौके पर सराफा बाजार व बर्तन में ग्राहकों का रुझान ज्यादा रहा। सोना एवं चांदी आभूषणों में स्कीमों के चलते जमकर भीड़ रही। वहीं बड़े सर्राफा कारोबारियों ने बड़े महानगरों की तर्ज पर डायमंड के नायाब ज्वेलरी का स्टाक भी धनतेरस पर बड़े ग्राहकों के लिये खासतौर पर रखा था। जानकारों की माने तो अकेले सर्राफा बाजार में ही 2 करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ।

ज्ञात हो कि धनतेरस की खरीददारी के लिए लोग कई महीनों पहले ही पूंजी जमा करने लगते हैं। जिसे लोगों ने बाजार पहुंचकर आवश्यक सामग्रियों की खरीदी की। यह सिलसिला रात में भी चलता रहा। दरअसल धनतेरस के पावन अवसर पर शुभ मूहुर्त में खरीदी करने की पुरानी परम्परा है। इसी के चलते आज सुबह से ही लोगों का रेला बाजार में खरीदी करने के लिये उमड़ पड़ा। एक साथ हजारों की भीड़ के बाजार क्षेत्र में आ जाने के कारण शहर में आवागमन की व्यवस्था पटरी से उतर गई। यातायात पुलिस को बाजार क्षेत्र के पहले जगह-जगह बैरिकेटस लगा कर तीन एवं चार पहिया वाहनों को रोकना पड़ा।

### भीड़ से बाजार में दिखी रौनक

गांधी चौक, डीपी काम्पलेक्स, सराफा बाजार, अस्पताल चौक, कलेक्ट्रेट मार्ग, लालता चौक, सम्राट चौक, न्यू बस स्टैण्ड तिराहा सहित शहर के कई हिस्सों में सजावट का आकर्षण बना रहा। ज्यादातर लोगों ने चांदी के सिक्कों में ध्यान केन्द्रित रखा तो आर्थिक क्षमतावान लोगों ने सोने व चांदी के लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां घर ले गये। वहीं लोगों ने परम्परा और अपनी क्रय शक्ति देखते हुए बर्तन और घर की जरूरतों का सामान खरीदा। इसके अलावा मोबाइल स्टोर, एलईडी टीवी, वाशिंग मशीन, फ्रिज, रेडीमेड कपड़ों की दुकान, पटाखों की दुकानों में लोगों ने जमकर खरीदी की। बड़े ज्वेलरी प्रतिष्ठानों ने डायमंड सोने व चांदी के सिक्कों, मूर्तियों से खुशियां बटोरीं। इन सिक्कों की शुद्धता में कोई कमी न होने से काफी पसंद किए गए।

# आल इंडिया दौड़ में मुकेश ने अर्जित किए सिल्वर मेडल

## बधाईयों का लगा तांता



**नवभारत न्यूज**

**कुसमी 18 अक्टूबर। अंडर 23 एथलेटिक्स कम्पटीशन तेलंगाना में नेशनल दौड़ का आयोजन किया गया। जहां देश के विभिन्न राज्यों से तकरीबन 29 धावक शामिल हुए, जिसमे 100 मीटर की दौड़ मे मध्य प्रदेश की तरफ से मुकेश गुप्ता पिता रामसजीवन गुप्ता निवासी भदौरा ने भाग लिया और ऑल इंडिया दौड़ में 11 सेकेण्ड मे रन पूरा कर सिल्वर मेडल हासिल कर भदौरा सीधी के साथ मध्यप्रदेश का नाम रोशन किया है।**

जानकारी लगते ही भदौरा सहित पूरे धौंहनी क्षेत्र मे जश्न का माहौल छा गया। मुकेश ने चर्चा के दौरान बताया की 16 को तेलंगाना (वारंगल) में फाइनल मुकाबला हुआ। आने-जाने का खर्च धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम द्वारा वहन किया गया और मै उनकी मंशा पर सफल हुआ। कोच सोमबीर गुर्जर हरियाणा के प्रति आभार जताता हूं। मुकेश 19 अक्टूबर को भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस से सुबह 9 बजे अपने गृह ग्राम आ रहे हैं जहां उनके चहेतो द्वारा मड़वास स्टेशन में गाजे-बाजे के साथ स्वागत किया जायेगा। धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम, भाजपा नेता इंद्रप्रकाश गुप्ता, रोशनलाल गुप्ता, नारायण गुप्ता, विकास परिहार सहित अन्य लोगो द्वारा बधाई शुभकामनायें प्रेषित किये हैं।

# प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड का दिवाली मिलन समारोह आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**सीधी 18 अक्टूबर। अक्षत होटल सीधी में आज प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा एक भव्य दिवाली मिलन समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।**

इस कार्यक्रम में कम्पनी के रीजनल सेल्स मैनेजर गोविन्द चतुर्वेदी जोनल टेक्निकल हेड अक्षुण राज, मास्टर कोच नीरज मिश्रा और सेल्स प्रमोटर अशोक सिंह चंदेल हर्ष ट्रेडर्स ए सहित कई महत्वपूर्ण गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। समारोह के दौरान कम्पनी के अधिकारियों ने डीलरों और खुदरा विक्रेताओं के महत्वपूर्ण योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन सहभोज के साथ हुआ। जहां सभी ने एक-दूसरे को अग्रिम दिवाली की शुभकामनाएं दीं और पर्व के उल्लास का आनंद लिया।

# फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण की बढ़ाई गई अवधि

**सीधी 18 अक्टूबर।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायतों तथा नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची वार्षिक पुनरीक्षण 2025 की तैयारी हेतु प्रक्रिया और संशोधित समय सारणी जारी की है। आयोग द्वारा संशोधित कार्यक्रम अनुसार दावा-आपत्ति केन्द्र पर दावे एवं आपत्तियां अब 24 अक्टूबर तक प्राप्त की जाएंगी। इस प्रक्रिया के तहत दावा-आपत्ति आवेदन पत्रों का निराकरण 4 नवम्बर तक किया जाएगा और निराकरण आवेदन पत्रों की ईआरएमएस में प्रविष्टि 10 नवम्बर तक पूरी की जाएगी। दावा-आपत्ति की चौकलिस्ट 13 नवम्बर तक तैयार की जाएगी और त्रुटियों के सुधार उपरांत इसे 17 नवम्बर को वेण्डर को वापस किया जाएगा।

# वोट चोरी करके सुनियोजित ढंग से लोकतंत्र पर हमला कर रही भाजपा : ज्ञान

## पत्रकार वार्ता कर कांग्रेस ने किया फर्जी मतदाता सूची का खुलासा



**नवभारत न्यूज**

**सीधी 18 अक्टूबर। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने आज जिला कांग्रेस कार्यालय जवाहर भवन में पत्रकार वार्ता कर वोट चोरी पर बड़ा खुलासा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सीधी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जमोड़ी कला की पंचायत स्तरीय मतदाता सूची 2025 में लगभग 110 फर्जी नाम दर्ज पाए गए हैं।**

ज्ञान सिंह ने बताया कि यह गंभीर जानकारी पार्टी के सेक्टर अध्यक्ष ऋषभ सिंह बेटू द्वारा प्रस्तुत की गई मतदाता सूची से सामने आई है। सूची को दिखाते हुए उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक पंचायत का मामला है और यदि निष्पक्ष जांच की जाए तो जिले के अन्य क्षेत्रों में भी व्यापक अनियमितताएं सामने आ सकती हैं। ज्ञान सिंह ने कहा कि यह न सिर्फ लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ है बल्कि चुनावी प्रक्रिया की पवित्रता को भी ठेस पहुंचाता है। हमारे नेता राहुल गांधी पहले ही वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे के माध्यम से इस संकट की चेतावनी दे चुके हैं। आज सीधी जिले की यह घटना उस आशंका को सच साबित कर रही है। उन्होंने कहा कि यह सुनियोजित ढंग से लोकतंत्र पर हमला है जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अध्यक्ष ने घोषणा की कि वे शीघ्र ही कलेक्टर सीधी एवं कमिश्नर रीवा को पत्र लिखकर पूरे जिले की मतदाता सूची की निष्पक्ष जांच की मांग करेंगे ताकि दोषियों पर सख्त कार्यवाही हो और आगामी चुनाव निष्पक्ष व पारदर्शी हो सकें। कांग्रेस ने इस मुद्दे को जनता से जुड़ा बताते हुए कहा कि फर्जी मतदाता सूची लोकतंत्र के मूलाधार पर हमला है और इस अन्याय के खिलाफ हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में प्रवक्ता पंकज सिंह और ऋषभ सिंह बेटू भी उपस्थित रहे।

# सीधी पुलिस ने छात्रों एवं ग्रामीणों को किया गया साइबर अपराधों से सचेत



**नवभारत न्यूज**

**सीधी 18 अक्टूबर। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सीधी पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।**

इस अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव तथा एसडीओपी चुरहट/कुसमी आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी रामपुर नैकिन एवं कुसमी के नेतृत्व में साइबर अपराधों के प्रति जनजागरूकता हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस चौकी पिपरांव के प्रभारी उप निरीक्षक शेषमणि मिश्रा एवं पिपरांव पुलिस टीम द्वारा थाना रामपुर नैकिन अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरतपुर में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को साइबर अपराधों के प्रकार, ऑनलाइन ठगी एवं फाइनेंशियल फ्रॉड से बचाव के उपाय तथा सोशल मीडिया उपयोग में सावधानियां के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 200 विद्यार्थी एवं अध्यापकगण उपस्थित रहे।

सीधी पुलिस आमजन से अपील करती है कि वे साइबर अपराधियों के झांसे में न आएंए सतर्क रहें और दूसरों को भी जागरूक करें। सावधानी ही सुरक्षा है-साइबर अपराधों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

### ग्राम स्तर पर साइबर सुरक्षा जनजागरूकता

थाना प्रभारी कुसमी निरीक्षक अरुण द्विवेदी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत रुंदा में ग्रामीण जनों को साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों के प्रति सचेत किया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि अज्ञात लिंक, कॉल या संदेश पर अपनी निजी या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस थाने या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दें।

# स्वामी विवेकानंद एकेडमी में रंगोली बनाओ प्रतियोगिता



**नवभारत न्यूज**

**मझौली 18 अक्टूबर। इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल स्वामी विवेकानंद एकेडमी छुही ताला में रंगोली बनाओ प्रतियोगिता एवं दिया बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।**

विद्यालय द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में कक्षा 3 से कक्षा 11 के उत्सुक विद्यार्थियों ने सहर्ष भाग लिया व उनके द्वारा काफी सुन्दर व मनमोहक रंगोलियां और दिए बनाए गए। विद्यार्थियों द्वारा रचित दीपक और रंगोलियों की सुंदरता देखते ही बन रही थी। कहीं मोरपंख, कहीं भारत के नक्शे तो कहीं पारंपरिक रंगोली, कहीं स्वामी विवेकानंद तो कहीं हाथ में दीपक लिए नारी की रंगोली बनाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय संचालिका श्रीमती नेहा गुप्ता, प्राचार्य सुरेन्द्र द्विवेदी उप-प्राचार्या कीर्ति द्विवेदी व शिक्षक-शिक्षिकाएं मानसी सुनानिया, नीलम तिवारी, अनिल सेन, अंकित गुप्ता, वर्षा द्विवेदी, नैनिका द्विवेदी, नेहा सोनी, स्वर्णिमा सिंह, संध्या सोनी, स्वाती मिश्रा, संध्या गुप्ता, राशी सिंह, दीक्षा सिंह, सुमनलता सेन, शिल्पा पनिका, लालजी गुप्ता, अंकिता गुप्ता, समीक्षा गिरी, शिक्षा गिरी सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में गणेश स्कूल और कृष्णा पब्लिक स्कूल ने दर्ज की शानदार जीत

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 18 अक्टूबर। म.प्र. क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देशानुसार एवं रीवा क्रिकेट डिवीजन के मार्गदर्शन में जिला क्रिकेट संघ सीधी द्वारा आयोजित इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत आज छत्रसाल स्टेडियम में दो रोमांचक मुकाबले खेले गए।**

इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के प्रभारी कौशलेंद्र सिंह ने बताया कि पहले मैच में श्री गणेश स्कूल और आचार्य पब्लिक स्कूल के बीच भिड़ंत हुई। आचार्य स्कूल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। गणेश स्कूल ने निर्धारित ओवरों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 147 रन बनाए। टीम की ओर से अथर्व तिवारी ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 64 रन की पारी खेली। गेंदबाजी में आचार्य स्कूल के विराट ने 2 विकेट हासिल किए। जवाब में आचार्य स्कूल की टीम मात्र 64 रन पर ऑल आउट हो गई। गणेश स्कूल के गेंदबाज दिव्यांश ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट झटके और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में कृष्णा पब्लिक स्कूल का सामना ज्योति स्कूल पटेल पुल से हुआ। टॉस ज्योति स्कूल ने जीता और पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। कृष्णा स्कूल ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में केवल 1 विकेट खोकर 232 रन बनाए। कृष्णा स्कूल के कार्तिकेय सिन्हा ने शानदार शतक जड़ते हुए 132 रन नाबाद बनाए जबकि अथर्व ने 35 रन का योगदान दिया। जवाब में ज्योति स्कूल निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर मात्र 124 रन ही बना सकी। ज्योति स्कूल की ओर से राज ने सर्वाधिक 35 रन बनाए। कृष्णा स्कूल की ओर से कार्तिकेय सिन्हा ने 3, दर्श और पार्थ ने 2-2 विकेट लिए। इस तरह से मैच कृष्णा पब्लिक स्कूल ने बड़ी जीत के साथ अपने नाम किया। मैन ऑफ द मैच कार्तिकेय सिन्हा को चुना गया। मैच के दौरान राजेश और हर्ष ने अंपायर की भूमिका निभाईए जबकि हिमांशु ने स्कोरिंग की जिम्मेदारी संभाली। इस आयोजन को सफल बनाने में राजेश सिंह उर्फ मंगल पाण्डेय, राकेश सिंह, चंदन मिश्रा और प्रदीप मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला क्रिकेट संघ सीधी द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता लगातार नई प्रतिभाओं को आगे लाने का माध्यम बन रही है और जिले में क्रिकेट को नई दिशा दे रही है।

# अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड सीधी में प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने किया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**

**बघवार 18 अक्टूबर। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक यंत्री एम.पी.तिवारी द्वारा 17 अक्टूबर 2025 को अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की इकाई सीधी सीमेंट वर्क्स एवं आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया।**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने दीपावली पर्व के अवसर पर उपयोग में लाए जाने वाले पटाखों की दुकानों का सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (SOP) के तहत निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने सीधी सीमेंट वर्क्स में स्थापित अपशिष्ट निस्तारण हेतु एएफआर (Alternate Fuel & Raw Material) संयंत्र का भी अवलोकन किया। श्री तिवारी ने एएफआर क्षेत्र के दुर्गंध नियंत्रण एवं प्रबंधन प्रणाली (Odour Control & Management System) की सराहना करते हुए कहा कि संयंत्र में अपशिष्ट प्रबंधन हेतु अपनाई गई तकनीकें एवं संसाधन पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप हैं। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पाया कि संयंत्र में सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हैं तथा समग्र स्थिति अत्यंत संतोषजनक है। इस अवसर पर श्री तिवारी ने उद्योग प्रबंधन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी इसी प्रकार स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण बनाए रखने के प्रयास जारी रखने की प्रशंसा की।

# पटाखा विक्रेताओं को हरित पटाखे बेचने की सलाह

**नवभारत न्यूज**

**सीधी 18 अक्टूबर। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार दीपावली त्यौहार के मद्देनज़र मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जिले में पटाखों की जांच और निरीक्षण अभियान चलाया गया।**

अभियान के अंतर्गत बोर्ड के अधिकारी माता प्रसाद तिवारी एवं परीक्षण दल ने जिला अस्पताल सीधी, संजय गांधी कॉलेज ग्राउंड, तथा नगर पंचायत चुरहट के निर्धारित स्थलों पर पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी पटाखा विक्रेताओं को आवश्यक निर्देश और सावधानियां दी गईं तथा पटाखों के सैम्पल परीक्षण हेतु लिए गए। नगर पालिका परिषद सीधी में वायु परिमापन यंत्र स्थापित किया गया है, जिससे 24 घंटे के अंतराल पर वायु गुणवत्ता का मानक दर्ज किया जाएगा। प्रारंभिक परीक्षण में जिला अस्पताल सीधी और नगर पालिका परिषद सीधी में ध्वनि स्तर सामान्य सीमा में पाया गया।

# गौ माता के पवित्र गोबर से बने दीपकों से जगमगाएगी दीपावली

## आजीविका मिशन के अंतर्गत महिलाओं ने तैयार किए 55 हजार पर्यावरण अनुकूल दीपक




**नवभारत न्यूज**

**सीधी 18 अक्टूबर। मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत अमहिया के ग्राम धनौर स्थित मधुबन गौशाला में तुलसी स्व-सहायता समूह की महिलाएं इस वर्ष भी गौ माता के पवित्र गोबर से दीपक तैयार कर रही हैं। पिछले चार वर्षों से निरंतर यह परम्परा जारी है। इस वर्ष समूह द्वारा लगभग 50 से 55 हजार गोबर के दीपक बनाए गए हैं, जिनमें से 20 से 22 हजार दीपक की बिक्री पहले ही हो चुकी है।**

स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष शांति बैग ने बताया कि ये दीपक पूरी तरह गौ माता के पवित्र गोबर से बनाए जाते हैं। इनमें किसी भी प्रकार के रासायनिक पदार्थ का उपयोग नहीं होता। दीपक जलने पर प्रदूषण नहीं फैलता और भीनी-भीनी प्राकृतिक खुशबू से वातावरण शुद्ध होता है। शांति बैग ने कहा कि यह न केवल आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम है बल्कि हमारी संस्कृति और पर्यावरण दोनों के संरक्षण का माध्यम भी है। आजीविका मिशन प्रबंधक चंद्रकांत सिंह ने बताया कि पिछले चार वर्षों से समूह द्वारा पूरी तरह जैविक गोबर से दीपक बनाए जा रहे हैं। गोबर में केवल प्राकृतिक मिट्टी के रंग मिलाए जाते हैं ताकि दीपक आकर्षक दिखाई दें। इनमें किसी भी प्रकार का रासायनिक मिश्रण नहीं किया जाता। दीपक जलने के बाद जो अवशेष बचता है, वह खाद के रूप में उपयोगी होता है और लोग उसे गमलों में भी प्रयोग करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन गोबर के दीपकों को जलाने से अद्भुत सुगंध फैलती है और वातावरण पवित्र हो जाता है। ये दीपक न केवल पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रहे हैं बल्कि ग्रामीण महिलाओं की आजीविका सशक्तिकरण का भी माध्यम बन गए हैं।

### प्रतिवर्ष तैयार हो रहे 70 से 75 हजार दीपक

जिला परियोजना प्रबंधक पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि मधुबन गौशाला में प्रारंभ हुआ यह कार्य अब विकासखंड मझौली के दो अन्य ग्रामों के स्व-सहायता समूहों तक विस्तार पा चुका है। वर्तमान में प्रतिवर्ष 70 से 75 हजार गोबर के दीपक तैयार किए जा रहे हैं, जिनका उपयोग छोटी और बड़ी दीपावली के साथ-साथ शादी-विवाह और अन्य धार्मिक आयोजनों में भी किया जा रहा है।